हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, बुधवार 8 जुलाई 2026


तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री


12 मानसून की पहली तेज बारिश पानी में बहे निकासी...




12 आईजीयू नए शैक्षणिक सत्र में पीजी कोर्सों में प्रवेश 10...





AIT KANINA PHARMACY COLLEGE
Approved by : AICTE & PCI, New Delhi
पॉलिटेक्निक करें नौकरी पाएं
B.PHARM (4 YEARS) D.PHARM (2 YEARS) 2 YEARS COURSE
ADMISSION OPEN
For Session 2026-27
Eligibility : 10+2 Pass (Medical & Non-Medical)
सीटें सीमित
पता : AIT Pharmacy College गाहड़ा रोड, कनीना Mob. : 9992696300, 9466464921


## खबर संक्षेप

### अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी दबोचा

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने नई आबादी में अवैध रूप से शराब बेचेने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नई आबादी निवासी तिलकरात अवैध शराब बेचता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर रेड की, तो आरोपी के कब्जे से अंग्रेजी शराब की 23 बोतलें बरामद हुई। पुलिस ने उसे शराब सहित मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

### हादसे का आरोपी वाहन चालक काबू

**बावल।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर सड़क हादसे के बाद गत 17 जून को केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने घायल के बयान पर केस दर्ज करने के बाद गाड़ी चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के नीमराना निवासी कैलाश को गिरफ्तार कर लिया। उसकी गाड़ी को भी कब्जे में लिया गया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### गोठड़ा मारपीट के तीन आरोपी चढ़ हत्थे

**डहीना।** थाना खोल पुलिस ने गोठड़ा टप्पा डहीना में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल पीड़ति के बयान पर गत 1 जुलाई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में गोठड़ा टपा डहीना निवासी विकास, यशपाल और चेतन को गिरफ्तार कर लिया। बाद में तीन आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने अवैध शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कंपनी बाग निवासी यशपाल अवैध रूप से शराब बेचने का धंधा करता है। वह सरेआम शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर छापा मारा तो आरोपी शराब बेचते हुए पकड़ा गया। उसके कब्जे से पुलिस ने देशी शराब की 13 बोतल बरामद कीं। आरोपी को काबू करने के बाद उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गत वर्ष जनवरी माह में सुनीता नाम की महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने गत 21 जून को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने गुरूग्राम के फरुखनगर निवासी अमन प्रताप को गिरफ्तार कर लिया।

---

#### किलोमीटर के साथ बढ़ने लगा बसों का राजस्व, लीज बसों की होगी नाइट स्टे

# जयपुर रूट की बसों का संचालन नारनौल से, लोकल चालकों की छुट्टी

**रोडवेज चालकों को प्रतिमाह पूरे करने होते है 12 हजार किमी, विभाग पर बढ़ा नाइट अलाउंस व ओवरटाइम के रूप में खर्च**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। सामान्य बस स्टैंड परिसर का फोटो। फोटो : हरिभूमि

सामान्य बस स्टैंड से राजस्थान के जयपुर के लिए चलने वाली अधिकांश बसों का संचालन अब नारनौल से कर दिया गया है। इससे लोकल चालक-परिचालकों के लिए इस रूट पर चलना जहां मुश्किल हो गया है, वहीं अधिकारियों का दावा है कि नाइट स्टे का स्थान बदलते ही विभाग के राजस्व में वृद्धि होना शुरू हो गया है। विभाग के लिए जयपुर रूट को काफी कमाई वाला रूट माना जाता है। अभी तक जयपुर के लिए सामान्य बस स्टैंड से ही सीधे बसों का संचालन हो रहा था। इस रूट पर अधिकांश बसें लीज की हैं, जिनके किलोमीटर पूरे करने होते हैं। अनुबंध के अनुसार प्रत्येक बस के प्रति माह 12 हजार किलोमीटर पूरे कराने जरूरी होते हैं। जयपुर के लिए बस स्टैंड से बसों का संचालन और वापसी के बाद नाइट स्टे बस स्टैंड पर ही की जा रही थी, लेकिन अब विभाग की ओर से इनके संचालन का स्थान बदल दिया गया है। बस स्टैंड से बसों को जयपुर रवाना करने के लिए समय वही रखा गया है। उसमें कोई फेरबदल नहीं किया गया है, लेकिन इन बसों के किलामीटर जरूर बढ़ गए हैं। इसके विपरीत रोडवेज का नाइट अलाउंस और ओवरटाइम के रूप में खर्च भी बढ़ा है, लेकिन उसे बढ़े हुए राजस्व की तुलना में काफी कम माना जा रहा है। विभाग के इस निर्णय से जयपुर रूट के चालक-परिचालकों की परेशानी बढ़ गई है।

**अलग खबर**

### रिसीट प्रति किलोमीटर में हुआ इजाफा

विभाग की ओर से अब रेवाड़ी से जयपुर जाने के बाद वापस रेवाड़ी में ही ठहराव करने वाली आधा दर्जन बसों को नारनौल से संचालित किया गया है। यह बसें सुबह नारनौल से चलकर रेवाड़ी आने के बाद ही पूर्व निर्धारित समय पर जयपुर के लिए रवाना होने लगी हैं। इससे बसों को प्रतिदिन लगभग 120 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। अधिकारियों के अनुसार इन बसों का रिसीट प्रति किलोमीटर 13 से 14 रुपये तक बढ़ा है, जिससे रोडवेज को राजस्व में वृद्धि होने लगी है।

### चालकों को नहीं दिया देते ओवरटाइम

नाम न छापने की शर्त पर चालक-परिचालकों ने आरोप लगाए कि नारनौल एरिया के कर्मचारियों को घर तक की सुविधा और ओवरटाइम से लेकर नाइट अलाउंस तक का लाभ देने के लिए ऐसा किया गया है। अधिकारियों का दावा है कि लीज की बसों पर चालक ऑपरेटर के ही हैं। उन्हें न तो ओवरटाइम दिया जाता है और न ही नाइट अलाउंस। परिचालकों का जो ओवरटाइम बढ़ा है, उससे ज्यादा रोडवेज को रिसीट के रूप में पैसा मिल रहा है।

### नारनौल रूट पर बढ़ी बसों की संख्या, यात्रियों को होगा फायदा

पहले जिन बसों का संचालन स्थानीय बस स्टैंड से होता था, उन बसों को जयपुर से आने के बाद नारनौल तक जाना होता है। इसी तरह सुबह के समय यह बसें नारनौल से रेवाड़ी आने के बाद जयपुर के रवाना होती हैं। इससे रेवाड़ी और नारनौल के बीच बसों की संख्या बढ़ गई है, जो यात्रियों के लिए फायदे का सौदा है। अभी तक पांच बसों का संचालन नारनौल से किया गया है। आने वाले दिनों में कुछ और बसों का संचालन भी बदला सकता है।

### किलोमीटर और रिसीट दोनों में वृद्धि



विभाग ने ज्यादातर लीज की बसों को ही नारनौल से संचालित किया है। इससे बसों के किलोमीटर के साथ-साथ रिसीट प्रति किलोमीटर में भी वृद्धि हुई है। लीज की बसों के चालक प्राइवेट होने के कारण उन्हें किसी तरह का भत्ता या ओवरटाइम नहीं दिया जाता।

-निरंजन शर्मा, जीएम रोडवेज।

---

# डहीना से बस संचालन की मांग, यात्रियों की बढ़ी परेशानी


रेवाड़ी। बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रहे यात्री। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आसपास के आधा दर्जन से अधिक गांवों का प्रमुख बस स्टैंड होने के बावजूद डहीना से रोडवेज बसों का संचालन नहीं हो रहा, जिससे रोजाना दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों ने इस बस स्टैंड से रोडवेज बसों के संचालन की मांग उठाई है।

डहीना बस स्टैंड से जैनाबाद, ढाणी ठेठरबाढ़, कंवाली, डहीना, मंदोला, गोठड़ा, लिसान व आसपास के कई गांवों के लोग सुबह के समय रेवाड़ी, बावल, धारूहेड़ा, मानेसर, गुरूग्राम व भिवाड़ी आदि औद्योगिक एरिया में नौकरी के लिए जाते हैं। शिक्षण संस्थानों में जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी काफी अधिक रहती है। डहीना से रेवाड़ी की ओर पहले रोडवेज बसों का संचालन होता था, लेकिन बाद में बंद कर दिया गया। अब महेंद्रगढ़ और कनीना की ओर से आने वाली बसों से ही विद्यार्थी और दैनिक यात्री सफर करते हैं। इन बसों में पहले से ही यात्रियों की संख्या अधिक रहती है, जिस कारण बसों में पैर टिकाने की जगह तक नहीं होती। प्रबुद्ध नागरिक का. राजेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह 9 बजे तक बस स्टैंड पर इंतजार करने वाले यात्रियों की संख्या काफी अधिक रहती है। बसों की कमी के कारण या तो उन्हें खड़े होकर सफर करना पड़ता है या फिर प्राइवेट वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में डहीना बस स्टैंड से कम से कम चार बसों का संचालन सुबह के समय किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मांग को सीएम तक पहुंचाया जाएगा।

### शाम को बसों का अभाव

प्रबुद्ध लोगों के अनुसार रोडवेज विभाग की ओर से शाम के समय भी पर्याप्त बसों का संचालन इस रूट पर नहीं किया जा रहा है। पहले देर सायं 8 बजकर 10 मिनट पर एक बस महेंद्रगढ़ के लिए रेवाड़ी से निकलती थी, लेकिन उसे भी काफी समय से बंद किया हुआ है। शाम के समय रेवाड़ी बस स्टैंड के बाहर बड़ी संख्या में लोग डहीना, सीहा, कनीना व महेंद्रगढ़ आदि स्थानों पर जाने के लिए प्राइवेट साधनों का इंतजार करते रहते हैं।

---

# इन्वेस्टमेंट के नाम पर 93.2 लाख की ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार, पांच पहले भेजे जेल

- आरोपी मणिकंदप्रभु के खाते से ठगी के 7.30 लाख बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। गिरफ्तार किए गए आरोपी।

साइबर थाना पुलिस ने कंपनी में इन्वेस्टमेंट के नाम पर लगभग 93.21 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

गत वर्ष 3 जुलाई को सेक्टर-3 निवासी विजय कुमार गुप्ता ने पुलिस शिकायत में बताया था कि वह एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करता है। सोशल मीडिया पर पैसा इन्वेस्टमेंट करने का विज्ञापन देखने के बाद 15 मई 2025 को उसे एक व्हाट्सएप नंबर मिला था। जिसके बाद उसका व्हाट्स पर एक महिला से संवाद होना शुरू हो गया। महिला ने अपना नाम सरोज गुप्ता बताते हुए खुद को एसबीआई सिक्योरिटी लि. की इन्वेस्टमेंट एडवाइजर बताया था। इन्वेस्टमेंट के लाभ के बारे में जानकारी देने के बाद महिला ने उसके पास एक लिंक भेजा था। उसे बल्क ट्रेडिंग और लॉगिन करने के बारे में बताया गया था। पहली बार इन्वेस्ट करने पर उसके खाते में अच्छा प्रॉफिट भी दर्शाया गया।

### अब तक ये आरोपी काबू

इस मामले में पुलिस ने तमिलनाडु के जिला पुद्दुक्कोट्टई के गांव चेलेनेथल कीलामजाक्कुडी मनामेलकुडी तालुक निवासी मणिकंदप्रभु व जिला पेरम्बालूर के गांव सामियाप्पा नगर निवासी सतीश को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मणिकंदप्रभु के बैंक खाते में ठगी के 7 लाख 30 रुपये ट्रांसफर हुए थे, जबकि सतीश ने साइबर ठगों को खाता मुहैया कराने में मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी।

### एनआई एक्ट के लिए 18 को विशेष लोक अदालत

**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 18 जुलाई को जिला में रेवाड़ी, बावल, कोसली न्यायिक परिसर में नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट केसों से संबंधित विशेष लोक अदालत लगेगी। इसका उद्देश्य न्यायालयों में लंबित चेक बाउंस से जुड़े मामलों का आपसी सहमति और समझौते के आधार पर अंतिम समाधान करना है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. रेनू सोलखे ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य लंबित चेक बाउंस से जुड़े मामलों का आपसी सहमति से अंतिम समाधान करना है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से पक्षकार बिना लंबी कानूनी प्रक्रिया के अपने विवाद का शांतिपूर्ण समाधान कर सकते हैं।

# ओबीसी अभ्यर्थियों ने पीजीटी भर्ती में लंबित नियुक्तियों पर सीटीएम को सौंपा ज्ञापन

- सीएम से जल्द ज्वाइनिंग कराने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। सीटीएम को ज्ञापन सौंपते हुए अभ्यर्थी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की पीजीटी भर्ती में ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों की लंबित नियुक्तियों की मांग को लेकर मंगलवार को सीएम के नाम का ज्ञापन सीटीएम जितेंद्र कुमार को दिया गया। ज्ञापन में जल्द ज्वाइनिंग कराने की मांग की गई है।

पीजीटी सुमन यादव के नेतृत्व में एकत्रित हुए युवाओं ने बताया कि अपीजीटी भर्ती का विज्ञापन वर्ष 2024 में जारी हुआ था और दस्तावेज सत्यापन सहित अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी होने के बावजूद ओबीसी वर्ग के अनेक अभ्यर्थियों को अब तक नियुक्ति पत्र जारी नहीं किए गए हैं। उनका कहना है कि इस देरी से सैकड़ों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है और वे लंबे समय से मानसिक, आर्थिक तथा सामाजिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि आयोग की कार्यप्रणाली और बार-बार हो रही देरी के कारण योग्य अभ्यर्थियों को अनावश्यक रूप से न्यायालय का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे उनका समय और धन दोनों व्यर्थ हो रहे हैं। युवाओं ने सरकार से मांग की कि लंबित नियुक्तियों को बिना देरी के पूरा किया जाए तथा भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

---

# भाजपा नेताओं की लड़ाई में पिस रही जनता : चिरंजीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



पूर्व विधायक चिरंजीव राव ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि रेवाड़ी और पूरे दक्षिण हरियाणा का विकास आज भाजपा नेताओं की आपसी गुटबाजी और तथाकथित 'प्रोटोकॉल की राजनीति' की भेंट चढ़ गया है। भाजपा के सांसद और विधायक एक-दूसरे के कार्यक्रमों से दूरी बना रहे हैं। चिरंजीव राव ने कहा कि हाल ही में बावल विधानसभा क्षेत्र में आयोजित खेत बचाओ कार्यक्रम में देश के केंद्रीय कृषि मंत्री और हरियाणा के मुख्यमंत्री मौजूद थे। यह दक्षिण हरियाणा के लिए बड़ा अवसर था। यदि जिले के सभी जनप्रतिनिधि एकजुट होकर क्षेत्र की आवाज उठाते तो रेवाड़ी, बावल, कोसली और पूरे दक्षिण हरियाणा के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं करवाई जा सकती थीं। भाजपा नेताओं की आपसी खींचतान और प्रोटोकॉल की राजनीति के कारण केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। जिले के तीनों विधायक भी नहीं पहुंचे और बाद में इसे प्रोटोकॉल का मामला बताकर पल्ला झाड़ लिया गया। उन्होंने कहा कि अभी यह मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि धारूहेड़ा नगर पालिका के चेयरमैन एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव भी अनुपस्थित रहे।

---

#### जागरूकता व सावधानी ही साइबर अपराध से बचाव का माध्यम : एसपी

# वीओआईपी कॉल से खाता खाली कर सकते हैं ठग

**ठग विदेशी नंबरों से कॉल कर स्वयं को पुलिस अधिकारी बताकर लोगों को देते है धमकी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

साइबर अपराधियों द्वारा वीओआईपी और व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से लोगों को डराकर ठगी और जबरन वसूली की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी को देखते हुए रेवाड़ी पुलिस ने आमजन के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि जागरूकता और सावधानी ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है।

एसपी ने बताया कि साइबर ठग विदेशी या मास्क्ड नंबरों से कॉल कर स्वयं को पुलिस, सीबीआई, ईडी अथवा अन्य सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देते हैं। कई बार गिरफ्तारी का डर दिखाकर या डिजिटल अरेस्ट का भय पैदा कर लोगों से ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करवाने का प्रयास किया जाता है। इसके अलावा ठग फर्जी लिंक, मोबाइल एप और दस्तावेज भेजकर बैंक खाते, ओटीपी और अन्य गोपनीय जानकारी भी हासिल करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस ने आमजन को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने के लिए अभेद्य ऐप और दोहरी ओटीपी प्रणाली जैसी महत्वपूर्ण सुरक्षा पहल शुरू की है। अभेद्य ऐप संदिग्ध अंतरराष्ट्रीय लोकेशन, अज्ञात नंबरों से आने वाली वीओआईपी और व्हाट्सएप कॉल, वॉयस नोट्स तथा संदेशों की पहचान कर उन्हें ब्लॉक करने में सहायक है। वहीं दोहरी ओटीपी प्रणाली विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों के ऑनलाइन लेनदेन को अधिक सुरक्षित बनाती है। सुरक्षा संबंधी सुविधाओं का अधिकतम उपयोग करें।

### एसपी ने दिए महत्वपूर्ण सुरक्षा सुझाव

मोबाइल में अभेद्य ऐप अवश्य इंस्टॉल करें। अज्ञात, विदेशी या मास्क्ड नंबरों से आने वाली कॉल व संदेशों से सावधान रहें। किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाता, एटीएम, यूपीआई पिन या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। ऑनलाइन भुगतान के दौरान दोहरी ओटीपी प्रणाली का उपयोग करें। वरिष्ठ नागरिक अतिरिक्त सुरक्षा के लिए किसी विश्वसनीय परिजन को ओटीपी सत्यापन से जोड़ें। डराने, धमकाने या लालच देने वाली कॉल पर घबराएं नहीं और कोई भुगतान न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक, फाइल या मोबाइल एप को डाउनलोड करने से बचें।

### 1930 पर कॉल करें

एसपी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है तो तुरंत हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही निकटतम थाना अथवा साइबर थाना में भी तत्काल सूचना दें। उन्होंने अपील की कि साइबर अपराधियों के नए-नए हथकंडों से सतर्क रहें।



# नए सितारों से सजी 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर सामने आ चुका है। इसमें सस्पेंस है, थ्रिल है और एक्शन भी है। मर्डर मिस्ट्री और लव ट्रायएंगल सहित इस फिल्म में कई दिलचस्प ट्विस्ट हैं। इस फिल्म में आर्य कुमार, नीता शेट्टी और पीहू बिस्वास जैसे नए कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का निर्देशन इंद्र दास ने किया है। इसे एसएस एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले सुमन सौरभ ने प्रोड्यूस किया है। रहूं मैं तेरे रूबरू' 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को रिलीज हुए इस फिल्म के ट्रेलर में आज की तकनीक और इंटरनेट की दुनिया के जीवन पर हो रहे नकारात्मक असर को दिखाने की भी कोशिश की गई है।

लाइफ Style

# कृति
## मैंने करवा लिए एग्ज फ्रीज

एक्टर कृति सेनन ने बताया है कि उन्होंने अपनी फिल्म 'मिमी' की तैयारी के दौरान अपने एग्स फ्रीज करवाने का फैसला किया था। उन्होंने इसे अपने लिए लिए गए 'सबसे समझदारी भरे' फैसलों में से एक बताया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि यह फैसला फिल्म के लिए उनके फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन (शारीरिक बदलाव) के समय के साथ मेल खाता था, इसलिए यह प्रोसेस करवाने का यह सबसे सही मौका था। 35 साल की एक्ट्रेस ने बताया कि एग फ्रीजिंग से अक्सर ब्लोटिंग (पेट फूलना) और हार्मोनल बदलाव होते हैं। चूंकि उन्हें 'मिमी' फिल्म में अपने रोल के लिए वजन बढ़ाना था, इसलिए उन्हें लगा कि यही सही समय है जब वे यह प्रोसेस करवा सकती हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक व्यक्ति से बात की थी, जिन्होंने मुझे बताया कि अगर आप कर सकती हैं, तो यह आपके लिए सबसे अच्छी चीज है। यह सबसे अच्छा तोहफा है जो आप खुद को दे सकती हैं। यह बात मेरे दिमाग में रही। फिर, जब मुझे वजन बढ़ाने के लिए कहा गया, तो मुझे लगा कि यही सही समय है'। एक्ट्रेस ने इस प्रोसेस के इमोशनल और फिजिकल असर के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि इस प्रोसेस की वजह से काफी हार्मोनल बदलाव हुए और इसे करवाते समय उन्हें कई तरह की भावनाएं महसूस हुईं। एक्ट्रेस ने बताया कि उनका मानना है कि जिंदगी के बड़े फैसले समाज की उम्मीदों के बजाय अपनी निजी तैयारी के आधार पर लिए जाने चाहिए।



## हॉलीवुड मसाला



# पार्टी रॉक एंथम के लिए थीं मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश सिंगर लॉरेन बेनेट का 37 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह 'पार्टी रॉक एंथम' में अपनी परफॉर्मेंस और जीएलआर की फाउंडिंग मेंबर के तौर पर जानी जाती थीं। उनके बैंड के साथियों ने एक भावुक बयान में उनके निधन की पुष्टि की। बैंड ने उनके जीवन व योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। लॉरेन बेनेट ने अपने म्यूजिक करियर की शुरुआत 2006 में यूनाइटेड किंगडम में 'द एक्स फैक्टर' के तीसरे सीजन से की थी।



# लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी 52 ब्लू...

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस नेहा धूपिया अपनी पहली इंटरनेशनल फीचर फिल्म '52 ब्लू' के प्रीमियर के लिए तैयार हैं। यह फिल्म मशहूर लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा है। इसका यूरोपियन प्रीमियर 9 जुलाई को बीएफआई साउथबैंक में होगा। नेहा की शानदार परफॉर्मेंस के लिए फिल्म को पॉजिटिव फीडबैक मिला है। दर्शकों और रिव्यूअर्स, दोनों ने ही फिल्म की इमोशनल गहराई की तारीफ की है, जिससे '52 ब्लू' इस साल फेस्टिवल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली स्क्रीनिंग में से एक बन गई है। नेहा धूपिया ने इस खास पल के बारे में बात करते हुए अपना उत्साह जाहिर किया। उन्होंने कहा ''52 ब्लू' मेरे लिए हमेशा एक बेहद खास फिल्म रहेगी क्योंकि यह मेरा पहला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट है।



# ताज जीतने के 50 साल पूरे, मनाया जश्न

**नई दिल्ली।** पूर्व ब्यूटी क्वीन नफीसा अली ने मिस इंडिया का ताज जीतने के 50 साल पूरे होने की खुशी मनाई है। इस खुशी में नफीसा ने सोशल मीडिया पर कई पुरानी तस्वीरें साझा की हैं और इसके साथ ही एक खास नोट भी लिखा है। नफीसा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई पुरीनी तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों के साथ नफीसा ने कैप्शन में लिखा, '50 साल पहले मुझे 'मिस इंडिया' का ताज पहनाया गया था।' उन्होंने 1976 में यह खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने टोक्यो में हुए 'मिस इंटरनेशनल 1976' कॉम्पिटिशन में भारत का नाम रोशन किया था और वहां वह सेकंड रनर-अप रही थीं। 69 साल की नफीसा अली ने 2018 में स्टेज 3 के पेट और ओवरी के कैंसर से जंग लड़ी और उसे हराया। अप्रैल 2026 में उन्होंने अपनी सर्जरी के निशान और कीमोथेरेपी की बातें भी फैंस के साथ साझा की थीं।



# इंसानों व कुत्तों के बीच रिश्ते की कहानी

**मुंबई।** अमित राय अपनी अगली फिल्म 'ओह माय डॉग' लेकर आ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 'ओह माय गॉड 2' का निर्देशन किया था। उनकी नई फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में इंसानों और कुत्तों के बीच बिना शर्त प्यार और वफादारी की एक कहानी की झलक दिखती है। टीजर की शुरुआत अमिताभ बच्चन के मशहूर गाने 'मेरे पास आओ मेरे दोस्तों, एक किस्सा सुनो' से होती है, जो तुरंत पुरानी यादें ताजा कर देता है। साथ ही कहानी की मासूमियत, अपनापन और इमोशनल गहराई को खूबसूरती से दिखाता है। यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'ओह माय डॉग' में माही राय, पंकज त्रिपाठी, गीता अग्रवाल शर्मा, राजेश कुमार, पवन मल्होत्रा, सुलक्षणा बरुआ और विजय मिश्रा नजर आएंगे।

## टीवी मसाला



# पति के 10 अफेयर हों तो भी उन्हें कभी नहीं छोड़ूंगी : सुनीता

**नई दिल्ली।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा इन दिनों रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में नजर आ रही हैं और साथ ही अपने बयानों से जमकर सुर्खियां भी बटोर रही हैं। इसी शो के दौरान सुनीता ने अपने पति गोविंदा को लेकर एक ऐसी बात कही है, जिसे सुनकर इस शो के होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख भी दंग रह गए। उन्होंने कहा है कि चाहे उनके पति गोविंदा के दस महिलाओं के साथ संबंध ही क्यों न हों, वह उन्हें कभी नहीं छोड़ेंगी। सुनीता ने यह बात नेटफ्लिक्स के रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में कही, जिसे फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इस शो में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर आईं अभिनेत्री शिल्पा शिंदे ने सुनीता के उन पुराने बयानों पर बात की। इस पर सुनीता भड़क गईं और उन्होंने शिल्पा से कहा कि लोगों को पहले उनकी जगह रहकर देखना चाहिए, उसके बाद ही कोई राय बनानी चाहिए। सुनीता ने कहा, 'जब यह सब आपके साथ होगा, तब आपको समझ आएगा कि मैं किस दौर से गुजरी हूं। यह मेरी जिंदगी है और मैं जो चाहूंगी, वही करूंगी।' उन्होंने आगे कहा, 'गोविंदा मेरा पति है, अगर वह 10 जगह भी अफेयर करेंगे, तो भी मैं उसे नहीं छोड़ूंगी। मैं अपनी आखिरी सांस तक उससे प्यार करूंगी।' बाद में सुनीता ने शो के दूसरे कंटेस्टेंट राम कपूर से भी शिल्पा शिंदे की शिकायत की। उन्होंने गुस्से में कहा, 'शिल्पा मुझे उकसा रही है।

## शिवांगी को रोता देख आग-बबूला हुए हर्षद

**नई दिल्ली।** शो 'लॉकअप 2' इन दिनों झगड़ा, विवादों की वजह से चर्चा में है। इस रियलिटी शो में हाल ही में एक बड़ा हंगामा हुआ। इंफ्लुएंसर श्रेया कालरा की वजह से एक्ट्रेस शिवांगी जोशी फूट-फूटकर रोईं। शिवांगी को ऐसे देखकर उनके दोस्त और पुराने को-एक्टर हर्षद चोपड़ा का पारा चढ़ गया। हर्षद श्रेया से लड़ने के लिए शो में दौड़ पड़े थे। 'लॉकअप 2' के वायरल वीडियो में हर्षद चोपड़ा के सामने शिवांगी रो रही हैं। वह बताती हैं कि उन्होंने श्रेया से सच में पूछा कि क्या उनकी तबियत खराब है। इस पर श्रेया ने शिवांगी के साथ बदतमीजी से बात की। इससे वह दुखी हो गईं और हर्षद चोपड़ा और आकांक्षा चमोला के सामने रोने लगीं। यह देखकर हर्षद गुस्से में श्रेया को तलाशने के लिए दौड़ पड़े। ऐसे में शिवांगी और आकांक्षा ने हर्षद को किसी तरह से रोका। इस दौरान काफी शोर-शराबा हुआ, जिसे सुनकर बाकी प्रतियोगी भी एक जगह पर आ गए।



# आवारापन 2 का पहला गाना जुनून रिलीज
## सुबोध ने दी है आवाज....

**मुंबई।** आवारापन 2 के निर्माताओं ने मंगलवार को इमरान हाशमी की फिल्म का पहला गाना जुनून रिलीज कर दिया है। इस गाने के बोल शहीद कादरी ने लिखे हैं और मिथुन ने कंपोज किया है। इस गाने को गायक सुबोध शर्मा ने गाया है। इस गाने में इमरान हाशमी से लेकर दिशा पाटनी और श्रेया सरन की खास झलक देखने को मिली। फिल्म 'आवारापन 2', 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में इमरान हाशमी और दिशा पटानी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में श्रेया सरन का भी अहम रोल है। इमरान ने इंस्टाग्राम पर अपने इस गाने को साझा किया और कैप्शन में लिखा, 'इस आवारापन के जुनून में होना है तबाह।' एक यूजर ने लिखा, 'इस गाने की रचना थोड़ी 'सैयारा' से मिलती जुलती लग रहा है' दूसरे यूजर ने लिखा, 'श्रेया सरन के पुराने सींस को देखकर अच्छा लगा।' एक और यूजर ने लिखा, 'आवारापन के गानों की बात ही अलग थी' एक यूजर ने इमरान के लिए लिखा, 'अक्खा बॉलीवुड एक तरफ और इमरान हाशमी एक तरफ'। एक और यूजर ने लिखा, 'शिवम वापस आ गया है'। एक और यूजर ने लिखा, 'इस फिल्म को कोई नहीं रोक सकता, पहले दिन ही हिट हो जाएगी'।



# 1975 में बैन कर दी गई थी फिल्म सिक्किम 1971

**नई दिल्ली।** आज हम आपको बताने जा रहे हैं एक ऐसी डॉक्यूमेंट्री फिल्म के बारे में जिसका काफी ज्यादा ऐतिहासिक महत्व है। यह फिल्म तब बनी जब सिक्किम भारत का हिस्सा भी नहीं था। इसे बनाया था लीजेंडरी फिल्ममेकर सत्यजीत रे ने। इस फिल्म की रिलीज के बाद इस पर विवाद हो गया और भारत सरकार ने इसे बैन कर दिया। लोग इस फिल्म का नाम तक भूल गए थे, लेकिन फिर साल 2010 में इसे फिर से रिलीज किया गया और इस मूवी ने तहलका मचा दिया।

***सत्यजीत रे साहब ने खोल दी पोल :*** बात साल 1971 की है जब सिक्किम के राजा ने उस दौर के आइकॉनिक फिल्ममेकर रहे सत्यजीत रे से विनती की, कि वह उनके ऊपर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएं। क्योंकि ,सत्यजीत रे साहब सच्ची और पक्की फिल्ममेकिंग में मानते थे, इसलिए उन्होंने सिक्किम के तत्कालीन राजा के राज्य के बारे में लगभग सब कुछ दिखा डाला। यानि उन्होंने इस डॉक्यूमेंट्री में उनके राज्य की अच्छाइयां और बुराइयां तो दिखाई हीं, साथ ही साथ विदेशी पर्यटकों की हालत और राजसी परिवार और आम लोगों की जिंदगी में कितना फर्क है यह भी दिखाया।



***भारत सरकार ने लगा दिया था बैन :*** कहानी में ट्विस्ट तब आया जब साल 1975 में सिक्किम राज्य भारत का हिस्सा बन गया। सिक्किम 22वें राज्य के तौर पर भारतीय गणराज्य का हिस्सा बना और जब इतना सारा राजनीतिक उठापटक चल रहा था, तो इस बीच सत्यजीत रे की यह डॉक्यूमेंट्री विवादों में घिर गई। सरकार ने इसे बैन कर दिया और लोग मानने लगे कि यह फिल्म पूरी तरह नष्ट कर दी गई है। सरकार ने भी राहत की सांस ली, वक्त बीतता गया और फिर कई दशक बाद ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट को एक डैमेज्ड प्रिंट मिला। इस प्रिंट में क्या था?

### साल 2010 में फिर से हुई रिलीज

इस प्रिंट में सत्यजीत रे की वही डॉक्यूमेंट्री थी, जिसने उस दौर में तहलका मचा दिया था। एकेडमी फिल्म आर्काइव ने दोबारा इस पूरी फिल्म को रीस्टोर किया और फिर साल 2010 में सरकार ने इस पर लगाया गया बैन हटा दिया। यानि अब अगर आप चाहें तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म को बेधड़क देख सकते हैं। अब सवाल उठता है कि आखिर यह फिल्म थी कौन सी? तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म का नाम था 'सिक्किम 1971'। इसका टाइटल काफी सीधा सा रखा गया था और लेकिन इसका कॉन्टेंट काफी डीप था।

## पुरुष समाज का दर्द दिल किया है बयां, हर किसी की आंखें कर दी थीं नम

# रफी ने गाया था यह दर्द भरा गीत, कल्ट क्लासिक है 56 साल पुराना गाना

*नई दिल्ली। सिनेमा जगत के महान गायक के तौर पर आज भी मोहम्मद रफी को जाना जाता है। अपने सुनहरे सिंगिंग करियर के दौरान उन्होंने हर किस्म के गीतों को आवाज दी थी और उन्हें अमर किया था। लेकिन, सैड सॉन्ग के मामले में रफी साहब एक अलग दर्जे के सिंगर के तौर पर पहचाने जाते थे। इसी आधार पर आज हम आपको मोहम्मद रफी द्वारा गाया एक ऐसे कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे सबसे सर्द भरे गीत के तौर भी जाना जाता है।*

### किसने तैयार किया गाना

बात की जाए फिल्म हीर रांझा के ये दुनिया ये महफिल की मेकिंग की तो मोहम्मद रफी की गायिकी के अलावा इसकी धुनों को मशहूर संगीतकार मदन मोहन अपने धुनों पर तैयार किया था, जबकि इसके लिरिक्स को कैफी आजमी गीतकार ने लिखा था। इस तरह से ये कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग रेडी हुआ था।



### 1970 में रिलीज हुई थी हीर रांझा

जब मोहम्मद रफी सैड सॉन्ग गाते थे, तो मानों ऐसा लगता कि उन्होंने सच में अपने दिल का दर्द आवाज में उतार के रख दिया है। उनकी आवाज से गाने की खूबसूरती और बढ़ जाती थी, जिसे सुनने के बाद दिल और आंखें भरा आती थी। ऐसा ही करिश्मा रफी साहब ने साल 1970 में रिलीज होने वाली फिल्म हीर रांझा के एक गीत के लिए किया था।

### राज कुमार पर फिल्माया गया गाना

जब उन्होंने ये दुनिया ये महफिल... गीत गाया था। अभिनेता राज कुमार पर फिल्माया गया मोहम्मद रफी का ये गाना आज भी बॉलीवुड के बेस्ट एवर सैड सॉन्ग के तौर पर जाना जाता है। इस गाने को सुनने के बाद यकीनन तौर पर आपकी भी आंखें भर आएंगी। कुल मिलाकर कहा जाए तो पुरुष समाज का दर्द दिल बयां करने के लिए रफी साहब के ये दुनिया ये महफिल को जाना जाता है। इस वजह से ये हर किसी का फेवरेट भी माना जाता है। अगर आप भी मोहम्मद रफी के गानों को सुनना पसंद करते हैं तो यकीनन तौर पर आपकी प्लेलिस्ट में ये दर्द भरा गीत जरूर शामिल होगा।

# मात्र 200 के बैलेंस से खुलेगा खाता, सीधे घर पहुंचेंगे देश-विदेश के दुर्लभ डाक टिकट

- छह जसे 18 जुलाई तक चलेगा विशेष अभियान, विद्यार्थियों को मिलेगा ज्ञानवर्धन और स्कॉलरशिप का मौका
- नारनौल प्रधान डाकघर द्वारा स्कूलों में चलाया जाएगा विशेष फिलाटेली अभियान
- छह हजार की वार्षिक स्कॉलरशिप (स्पर्श योजना) का मिलेगा रास्ता, कोई आयु सीमा नहीं, शिक्षक भी उठा सकते हैं लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

क्षेत्र के विद्यार्थियों और आम जनता में डाक टिकट संग्रह (फिलाटेली) की हॉबी को बढ़ावा देने और इसके लाभों से अवगत कराने के लिए छह से 18 जुलाई तक एक विशेष 'फिलाटेली ड्राइव' का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में नारनौल प्रधान डाकघर के जनसंपर्क निरीक्षक हिम्मत सिंह ने बताया कि डाक टिकट केवल पत्र पर लगाने वाला कागज का टुकड़ा नहीं है, बल्कि यह ज्ञान की अनूठी खिड़की है जो बच्चों को देश-विदेश के इतिहास, कला, विज्ञान, संस्कृति और महान विभूतियों से रूबरू कराती है। इसी उद्देश्य के साथ डाक विभाग इस विशेष अवधि में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में जाकर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करेगा और विद्यार्थियों को विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ेगा।


मुख्य डाकघर

### 6 हजार की वार्षिक स्कॉलरशिप का मिलेगा रास्ता

डाक विभाग की ओर से कक्षा छठीं से नौवीं तक के मेधावी छात्रों के लिए दीन दयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना चलाई जाती है, जिसके तहत पात्र छात्रों को छह हजार वार्षिक की स्कॉलरशिप दी जाती है। इस राष्ट्रीय स्कॉलरशिप परीक्षा में बैठने के लिए छात्र का फिलाटेली डिपॉजिट अकाउंट (पीडीए) होना अनिवार्य योग्यता है।

### 200 के बैलेंस में मिलेंगे बेहतरीन लाभ और मुफ्त डिलीवरी

इस अभियान के तहत खुलने वाला फिलाटेली डिपॉजिट अकाउंट (पीडीए) मात्र 200 की न्यूनतम राशि से शुरू किया जा सकता है। यह राशि किसी प्रकार की फीस नहीं है, बल्कि खाताधारक के खाते में बैलेंस के रूप में ही जमा रहती है। इस खाते के खुलने के बाद डाक विभाग द्वारा जब भी कोई नया विशेष डाक टिकट, फर्स्ट डे कवर (एफडीसी) या ज्ञानवर्धक सूचना पत्रक जारी किया जाएगा, वह सीधे खाताधारक के घर के पते पर बिना किसी अतिरिक्त डाक शुल्क (फ्री डिलीवरी) के भेज दिया जाएगा। इसके लिए बच्चों को बार-बार डाकघर आने की आवश्यकता नहीं होगी। खाता खुलने पर प्रत्येक बच्चे को एक आधिकारिक पासबुक भी प्रदान की जाएगी।

### कोई आयु सीमा नहीं, शिक्षक भी उठा सकते हैं लाभ

कार्यालय द्वारा बताया गया कि इस योजना से जुड़ने के लिए कोई अधिकतम आयु सीमा निर्धारित नहीं है। स्कूल के कक्षा पहली से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी शिक्षक और आम नागरिक भी इस मुहिम का हिस्सा बनकर अपना खाता खुलवा सकते हैं। इसके अलावा स्कूल प्रशासन अपने विद्यालय के लोगो या भव्य इमारत की तस्वीर के साथ कस्टमाइज्ड 'माई स्टैम्प' भी बुक करवा सकते हैं, जो एक ऐतिहासिक स्मृति चिन्ह साबित होगा।

# हरियाणा केन्द्रीय विवि में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ

- सात से 17 जुलाई तक होंगे ऑनलाइन पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातक यूजी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी सात से 17 जुलाई तक विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय इस वर्ष बीएससी ऑनर्स मनोविज्ञान, बीवोक बायोमेडिकल साइंसेज, बीवोक इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट, बीवोक रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट तथा इंटीग्रेटेड बीएससी-एमएससी रसायन विज्ञान, गणित एवं भौतिकी जैसे कुल 315 सीटों पर रोजगारोन्मुख एवं बहुविषयक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रदान कर रहा है। इसके अतिरिक्त बीटेक, आईटीईपी बीए-बीएड तथा बीबीए सहित अन्य स्नातक कार्यक्रम की प्रवेश प्रक्रिया अलग से अधिसूचित की जा चुकी है।




### समय रहते अपना पंजीकरण पूर्ण करें अभ्यर्थी

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि एनआईआरएफ-2025 में हरियाणा के केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान तथा राष्ट्रीय स्तर पर 44वां स्थान प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय टाइम्स हायर एजुकेशन दवर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में 1001-1200 वैश्विक बैंड, क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में 1001-1100 बैंड, दइंटरडिसिप्लिनरी साइंस रैंकिंग 2026 में 301-350 बैंड तथा एशिया यून्विर्सिटी रैंकिंग 2026 में 501-600 बैंड में स्थान प्राप्त कर चुका है। नोडल अधिकारी डॉ. तेजपाल ढेवाने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया सात से प्रारंभ हो चुकी है, जो 17 जुलाई 2026 तक चलेगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते अपना पंजीकरण पूर्ण करें।

## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित होकर स्कूल बस गड्ढे में उतरी

**नारनौल।** शहर के एक प्राइवेट स्कूल की बस बच्चों को स्कूल ले जाते समय अनियंत्रित होकर सड़क से गड्ढे में उतर गई। गड्ढे में पलटने से बच गई। इस कारण बस में बैठे करीब 50 विद्यार्थियों सहित शिक्षक व चालक बाल-बाल बच गए। घटना के आस पास रहने वाले लोगों ने विद्यार्थियों को संभाल लिया। शहर के कुलताजपुर रोड पर स्थित एक प्राइवेट स्कूल की बस बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। नहर के पार सिंघाना रोड की ओर हीरानगर कॉलोनी में विद्यार्थियों को लेने के बाद ड्राइवर ने बस को चलाया तो बस सड़क से उतर गई।

### एसआईआर कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश

**महेंद्रगढ़।** विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम योगेश सैनी ने मंगलवार को अपने कार्यालय में सुपरवाइजर, बीएलओ व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर एसआईआर कार्य की समीक्षा की तथा एसआईआर कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने सुपरवाइजर व बीएलओ को निर्देश दिए कि एसआईआर से जुड़े सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्य में किसी भी स्तर पर ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अटेली अस्पताल में अब स्थायी एसएमओ

**मंडी अटेली।** सामुदायिक अस्पताल में मंगलवार को स्थाई एसएमओ डा. अशोक कुमार ने कार्यभार संभाल लिया है। पहले ही दिन उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों एवं कर्मियों की बैठक लेकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के निर्देश दिये। एसएमओ डा. अशोक कुमार के पास लंबा चिकित्सा का अनुभव है। ये लंबे समय तक रेवाड़ी में डिप्टी सीएमओ के पद पर अपनी उल्लेखनीय सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में किए जा रहे सुधारों को आगे बढ़ाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने की वचनबद्धता को विशेष ध्यान में रखा जाएगा।



# कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाइवे 18 किमी लंबे मार्ग में 24 स्पीड ब्रेकर, चालक परेशान

## जनता के दबाव में आकर बनाए गए स्पीड ब्रेकर आमजन पर ही पड़ रहे भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

साढ़े सात मीटर चौड़ा कनीना-महेंद्रगढ़ मार्ग कहने को स्टेट हाइवे है, जिस पर यातायात दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन अत्यधिक स्पीड ब्रेकर होने की वजह से इस पर वाहनों की गति लिंक मार्ग से भी बदतर है। महज 18 किलोमीटर लंबे इस मार्ग में आने वाले करीब आधा दर्जनभर गांवों के बस स्टैंड के समीप 24 स्पीड ब्रेकर बने हुए हैं। जिससे इस पर सफर करना अब सुगम नहीं, बल्कि बहुत दुर्गम है। लोक निर्माण विभाग की ओर से खंडित हो रहे इस हाईवे पर स्पीड ब्रेकरों का जाल बिछाया हुआ है। नियमों को ताक पर रखकर बनाए गए ये ऊंचे-ऊंचे ब्रेकर वाहनों को नुकसान तो पहुंचा ही रहे हैं, साथ ही सड़क हादसों को भी न्योता दे रहे हैं। दूसरी ओर इस हाईवे की सबसे दर्दनाक तस्वीर आपातकालीन स्थिति में देखने को मिलती है। एंबुलेंस चालकों का कहना है कि गंभीर मरीजों या सड़क दुर्घटना में घायल लोगों के लिए शुरूआती एक घंटा, गोल्डन ऑवर होता है, जो उनके जीवन के लिए बेहद कीमती होता है, जिसमें मरीज की जान बचाई जा सकती है, हिचकोले खाती एंबुलेंस में तड़पते मरीजों को लेकर स्पीड ब्रेकर के जाल में उलझ जाती है। अस्पताल में पहुंचने पर मरीज द्वारा रास्ते में ही दम तोड़ने की बात कही जाती है।






**कनीना।** कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाइवे पर बने स्पीड ब्रेकर को पार करता बाइक चालक तथा उन्हाणी के समीप सड़क बंद कर किया जा रहा नहरी पुल बनाने का कार्य।

### सड़क मरम्मत की मांग

वहीं रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साइफन से उन्हाणी गांव के समीप का करीब 200 मीटर का सड़क मार्ग पिछले लंबे समय से पूरी तरह खंडित पड़ा हुआ था। जहां हाल ही में पुल का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। नहर विभाग की ओर से करीब पौने दो करोड़ की लागत से यह कार्य अक्टूबर माह के अंत तक पूरा होने की संभावना है। तब तक वाहन वैकल्पिक मार्गों से गुजरते रहेंगे। बता दें कि इस खंडित सड़क मार्ग पर सालभर पूर्व घटित हुए हादसे में एक साथ चार नौजवान युवाओं की जान चली गई थी।

### ग्रामीणों की मांग पर बनाए गए स्पीड ब्रेकर

इस बारे में लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन अश्वनी कुमार का कहना है कि स्टेट हाईवे पर स्पीड ब्रेकर को प्रोविजन नहीं है, लेकिन इस स्टेट हाईवे नंबर 24 पर सम्बंधित ग्रामीणों की मांग पर स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं। इनके आस-पास यदा-कदा घटित सड़क दुर्घटना को लेकर प्रोटेस्ट करते लोगों की ओर से यहीं कहा जाता रहा है कि स्पीड ब्रेकर होता, तो सड़क हादसा बच सकता था।

# पॉक्सो अधिनियम पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बीकानेर में बालकों का लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, 2012 के प्रावधानों एवं प्रभावों विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. रेनू सोलखे, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा करना समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न अथवा अपराध की जानकारी मिलने पर बिना किसी भय के अपने अभिभावकों, शिक्षकों, पुलिस अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. रेनू सोलखे ने हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के 'स्वस्थ बालक-सशक्त राष्ट्र, कुपोषण के विरुद्ध अभियान' के अंतर्गत विद्यार्थियों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, पोषण संबंधी अधिकारों, व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वच्छता संबंधी अच्छी आदतों तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को पौष्टिक भोजन अपनाने, जंक फूड से दूरी बनाने तथा नियमित स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि स्वस्थ एवं सुपोषित बच्चे ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला हैं।





रेवाड़ी। कार्यक्रम में पोक्सो एक्ट पर जानकारी देते व पौधा लगाते हुए डा. रेनू। फोटो : हरिभूमि

### वृक्षारोपण का दिया संदेश

इस अवसर पर डॉ. रेनू सोलखे ने वृहद पौधारोपण अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया तथा विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने एवं अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया। उन्होंने सभी से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज यादव, सेवानिवृत्त जिला विधिक साक्षरता समन्वयक प्रदीप कुमार, विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय प्रशासन ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रेवाड़ी का इस जनहितकारी एवं जागरूकता कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### एसआईआर गहन पुनरीक्षण के कार्य में बीएलओ को दें पूरा सहयोग: एसडीएम

**बावल।** बावल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं उप मण्डल अधिकारी बावल संजीव कुमार की अध्यक्षता में बूथ लेवल एजेंट के साथ बैठक की। उन्होंने प्रपत्रों को लेकर बीएलओज से संवाद किया। एसडीएम बावल संजीव कुमार ने बावल विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र वार नियुक्त बीएलए-2 को कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य में बीएलओ को किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि अभी तक जिन-जिन मतदाताओं ने अपने गणन प्रपत्र भरकर बूथ लेवल अधिकारी को जमा नहीं करवाए है, वे सभी जल्द से जल्द जमा करवाए और विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों का अधिक से अधिक सहयोग करने और अपने कार्यकर्ता को अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के लिए कहा। बैठक में सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी-1 एवं तहसीलदार बावल कुमारी महिमा, निर्वाचक पंजीयन अधिकारी-2 एवं नायब तहसीलदार बावल श्याम सुन्दर, निर्वाचन कानूनगो संजय कुमार तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए उपस्थित रहे।

### शहर के विभिन्न मंदिरों में आज धूमधाम से मनाया जाएगा बुधवारी अष्टमी का पर्व

**रेवाड़ी।** विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालु 8 जुलाई को बुधवारी अष्टमी पर्व मनाएंगे। बुधवार के दिन अष्टमी तिथि का आना एक अत्यंत शुभ और दुर्लभ संयोग माना जाता है। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि बुधवारी अष्टमी के इस विशेष अवसर पर विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं द्वारा सामूहिक पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन किया जाएगा। मान्यता है कि इस दिन किए गए जप, तप और दान का फल अक्षय होता है। आज के दिन विघ्नहर्ता भगवान गणेश और शक्ति की देवी मां दुर्गा की संयुक्त आराधना का विधान है। श्रद्धालु आज सुख-समृद्धि और संकटों के नाश के लिए व्रत रख रहे हैं। उनका कहना है कि बुधवारी अष्टमी का दिन उन लोगों के लिए बेहद खास है जिनकी कुंडली में बुध ग्रह कमजोर है या जिन्हें व्यापार और शिक्षा में बाधा आ रही है। आज के दिन किया गया पूजन जीवन में स्थिरता और बौद्धिक क्षमता का विकास करता है।

### सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली करता एक आरोपी काबू, 1050 रुपये बरामद

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खिलाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि सेक्टर-3 में किराए के मकान में रहने वाला मूल रूप से दिल्ली के किशनगढ़ निवासी रामू बंशकार सट्टा खाईवाली करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उसके पास बोगस ग्राहक बनाकर भेजा। सट्टे का नंबर लगाते ही पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। उसके कब्जे से सट्टे की 1050 रुपये राशि बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

### दवा लेने के लिए भिवाड़ी जा रही वृद्धा रोडवेज से उतरते समय गिरकर घायल

**धारूहेड़ा।** भिवाड़ी मोड़ पर रोडवेज बस से उतरते समय एक वृद्धा गिरकर घायल हो गई। पुलिस बयान में भाड़ावास निवासी कमला देवी ने बताया कि वह रेवाड़ी से सोहना की ओर जाने वाली बस में दवा लेने के लिए भिवाड़ी जा रही थी। भिवाड़ी मोड़ पर जब वह बस से उतरने लगी तो चालक ने बस चला दी। इससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गई। उसके शरीर पर काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद बस चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### शहर में चोरों की दहशत : दुकान में लगा एसी और 3 घरों से 5 गैस सिलेंडर चोरी

**नारनौल।** शहर में चोरों ने दो अलग-अलग जगह चोरी कर एक दुकान में लगा हुआ एसी व तीन घरों से पांच रसोई गैस सिलेंडर चुरा लिए। इस बारे में पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत की है। शिकायत मिलने के बाद एसी चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे की जांच की जा रही है। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव कोजिंदा के वकील आशीष राव ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसने बहरोड़ रोड पर दयाल कॉलोनी में एक प्लाट लिया हुआ है। बीते दिनों उसके पिता दुकानों को अच्छे से बंद करके घर आए थे। अगले दिन सुबह जब वे प्लाट में गए तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। जांच करने पर पाया कि दुकान में लगा हुआ एक स्पिलिट एसी गायब है। इस पर उन्होंने पुलिस को फोन कर इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच करने के बाद मामला दर्ज कर लिया। वहीं दूसरी ओर बीती रात गांव नीरपुर से अज्ञात चोर तीन घरों से पांच रसोई गैस सिलेंडर चुरा ले गए। पीड़ित कृष्ण कुमार ने बताया कि उनके घर से दो सिलेंडर चोरी हुए, जिनमें एक भरा हुआ व एक खाली शामिल है। वहीं जसवंत सिंह के घर से भी दो सिलेंडर चोरी हुए, जिनमें एक भरा हुआ व एक खाली था। इसके अलावा रविंद्र कुमार के घर से एक भरा हुआ सिलेंडर चोरी हो गया।

**अनुष्ठान** राव तुलाराम स्टेडियम में योग व प्राणायाम के अभ्यास के साथ यज्ञ कर दिया संस्कृति संरक्षण का संदेश

# साधकों ने दिया योग के अभ्यास से सकारात्मक संदेश

- योग व यज्ञ संस्कृति की अमूल्य धरोहरें हैं, जो व्यक्ति के मानसिक और आध्यात्मिक उत्थान का मार्ग करती है प्रशस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राव तुलाराम स्टेडियम में नियमित योग साधकों ने योग एवं प्राणायाम के अभ्यास के साथ वैदिक यज्ञ कर स्वस्थ जीवन, सकारात्मक चिंतन और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का प्रेरक संदेश दिया। योग शिक्षक समय सिंह आर्य के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में योग साधकों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि राव तुलाराम स्टेडियम में योग शिक्षक समय सिंह आर्य के मार्गदर्शन में नियमित रूप से संचालित योग कक्षा में प्रतिदिन की भांति योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इसके पश्चात योग शिक्षक समय सिंह आर्य के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ का आयोजन किया गया। साधकों ने यज्ञ में श्रद्धापूर्वक आहुतियां अर्पित कर विश्व शांति, पर्यावरण शुद्धि, जनकल्याण तथा सभी के स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु जीवन की कामना की। यज्ञ में समय सिंह आर्य यजमान रहे, जबकि वेदप्रकाश शास्त्री और दयाराम आर्य ने पुरोहित के रूप में वैदिक विधि-विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ संपन्न करवाया। उपस्थित साधकों ने समय सिंह आर्य को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु और सेवामय जीवन की कामना की।



रेवाड़ी। वर्षा के लिए किए जा रहे यज्ञ में शामिल यजमान। फोटो : हरिभूमि

### उत्थान का मार्ग प्रशस्त करता योग

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग और यज्ञ भारतीय संस्कृति की दो ऐसी अमूल्य धरोहरें हैं, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती हैं। नियमित योग एवं प्राणायाम शरीर को निरोग और मन को शांत बनाते हैं, वहीं यज्ञ वातावरण की शुद्धि के साथ समाज में संस्कार, सद्भाव, सकारात्मकता और सामूहिक कल्याण की भावना को मजबूत करता है। जन्मदिवस जैसे शुभ अवसरों को वैदिक यज्ञ और सेवा-संकल्प के साथ मनाना समाज के लिए अनुकरणीय परंपरा है।

### यह रहे योगाभ्यास कार्यक्रम में मौजूद

कार्यक्रम में डॉ. युद्धवीर आर्य, कैप्टन जगरूप सिंह यादव, पूर्व मुख्याध्यापक रामकिशन यादव, बाबू भूपेंद्र सिंह यादव, मा नरेंद्र कुमार, इंस्पेक्टर हरि प्रकाश और रामफल सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं योग साधक उपस्थित रहे। सभी ने नियमित योग-प्राणायाम को जीवन का अभिन्न अंग बनाने तथा योग, यज्ञ और भारतीय संस्कृति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

**सूचना**

मैं, बलबीर सिंह पुत्र श्री अभी लाल निवासी ग्राम दुल्हेड़ा कलां, तहसील बावल, जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरी पुत्री निकिता मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, नीलम पत्नी सुरेन्द्र कुमार निवासी गांव बांस रतनथल, तह. कोसली, जिला रेवाड़ी हरियाणा बयान करती हूं कि मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम गलती से नीलम और जन्मतिथि 23-10-1989 दर्ज है। जबकि मेरा वास्तविक नाम नीलम देवी और सही जन्म तिथि 01-01-1990 है। यह लोक सूचना मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा वास्तविक नाम नीलम देवी और जन्मतिथि 01-01-1990 दर्ज कराने के लिए है।

**शहर में जलभराव बना आफत**

### शहर में औसत 20 एमएम तक हुई बरसात, शहर के कई इलाके हुए जलमग्न

# मानसून की पहली तेज बारिश पानी में बहे निकासी के दावे






रेवाड़ी। पानी में बंद होने के बाद पैदल स्कूटी ले जाता युवक, बारिश के बाद नाईवाली चौक पर भरे पानी से गुजरते वाहन और लोग, महाराणा प्रताप चौक के पास एकत्रित बरसाती पानी तथा अप्रवासी चरवाहों के डेरे में पानी घुसने के बाद का हाल। *फोटो : हरिभूमि*

**अगले दो दिन तक शहर में तेज बारिश की संभावना, झेलनी पड़ सकती है परेशानी**

**शहर में प्रशासन के जल निकासी के दावे हुए फेल, बाल्टियों से निकाला पानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिन भर भारी गर्मी का सामना कर रहे लोगों को आखिर मानसून की पहली तेज बरसात ने राहत दिलाने का काम कर दिया। औसम 20 एमएम तक की बारिश से शहर जलमग्न हो गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रशासन के जल निकासी के सभी दावे पहली तेज बारिश में धुल गए। सड़कों से लेकर निचले इलाकों तक में पानी ही पानी हो गया। कई स्थानों पर पानी में फंसकर वाहन बंद हो गए, जिससे महिलाओं तक को परेशानी का सामना करना पड़ा। अगले दो दिन तक अच्छी बारिश की संभावना है, जिससे शहर के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। मंगलवार को सुबह के समय आंशिक बादल छाए रहे। बीच में धूप निकलने के बाद उमस भरी गर्मी ने लोगों को जमकर परेशान किया। दोपहर बाद आसमान में बादल गहराने के बाद तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई। मानसून की पहली तेज बारिश के बाद शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया। निचले इलाकों में पानी मकानों और दुकानों तक में घुस गया, जिससे लोग बाल्टियों से पानी निकालते हुए नजर आए। बरसात के कारण शहर में प्रशासन के पानी निकासी के दावे फेल होते नजर आए। शहर में जगह-जगह बरसात का पानी एकत्रित होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। टूटी सड़कों में जलभराव के कारण दुपहिया वाहन चालकों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। सरकुलर रोड पर बारिश के चलते काफी देर तक जमा लगा रहा। बारिश के बाद नाईवाली चौक के पास भी भारी मात्रा में पानी एकत्रित हो गया, जिससे वाहन चालकों के लिए निकलना मुश्किल बन गया।

### बारिश से ब्रास मार्केट व अनाजमंडी में हुआ जलभराव

अभी बरसात का सीजन शुरू ही हुआ है। शहर से बरसाती पानी की निकासी के पुख्ता इंतजाम नहीं हुए हैं। दोपहर के समय तेज बरसात आने के बाद ब्रास मार्केट, अनाजमंडी, मॉडल टाउन व दूसरे एरिया में जलभराव हो गया। शहर में कई जगह सड़कें टूटी हुई हैं। टूटी सड़कों में पानी भरने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दुपहिया वाहन चालक गड्ढों में भरे पानी में गिरते नजर आए। प्रशासन हर बार पानी निकासी के पुख्ता प्रबंध करने का दावा करता है, परंतु बरसात का सीजन आते ही इन दावों की हवा निकलनी शुरू हो जाती है। अगर तेज बरसात होती है, तो इससे शहर में बाढ़ जैसे हालात भी बन सकते हैं।

### किसानों के चेहरों पर आई खुशी

बरसात के कारण किसानों के चेहरे खुश नजर आने लगे हैं। गर्मी बढ़ने के कारण किसानों की बाजरा और कपास की फसलों को सिंचाई की ज्यादा जरूरत महसूस हो रही थी। गर्मी के कारण बाजरे की फसलें मुरझाना शुरू हो गई थी। बाजरे की फसल गर्मी के कारण रोग की चपेट में आना शुरू हो गई थी। किसान बरसात का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, परंतु बादल बिना बरसे ही लौट जाते थे। इस समय शुरू हुई बरसात दोनों फसलों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। जिले में किसान 50 हजार हेक्टेयर से अधिक जमीन पर बाजरे की बिजाई कर चुके हैं।

### बारिश से तापमान में आई कमी

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को शुरू हुई मानसून की बारिश अगले दो दिनों तक रुक-रुककर जारी रह सकती है। इस दौरान मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई जा रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस गिरकर 36.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 0.1 डिग्री की गिरावट के साथ 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश शुरू होने के बाद मौसम सुहाना हो गया। गर्मी का असर खत्म हो गया। तापमान में अगले दो-तीन दिनों तक कमी बने रहने के आसार हैं।

## न्यूज डायरी

### बुडाना की ममता ने योग में की पीएचडी



रेवाड़ी। बुडाना की होनहार बेटी ममता कुमारी ने योग विषय में अपनी पीचडी पूरी कर न केवल अपने माता-पिता और गुरुजनों का सिर गर्व से ऊंचा किया है, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। अपनी इस असाधारण उपलब्धि के साथ ही ममता कुमारी अब 'डॉक्टर ममता' बन गई हैं। डॉ. ममता ने अपनी पीएचडी की डिग्री राजस्थान की प्रतिष्ठित ज्योति विद्यापीठ वूमेंस यूनिवर्सिटी से योग विषय में प्राप्त की है। पढ़ाई में अव्वल रहने के साथ-साथ डॉ. ममता सामाजिक रूप से भी काफी सक्रिय हैं। वह 'योगिनी संस्था' हरियाणा की अध्यक्ष हैं और इसके साथ ही कई अन्य सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर समाज सेवा में अपना बहुमूल्य योगदान दे रही हैं। अपनी इस ऐतिहासिक सफलता पर डॉ. ममता ने कहा कि यह उनके माता-पिता राय चंद्र व राजबाला देवी के आशीर्वाद, दोस्तों के सहयोग और गुरुजनों के सही मार्गदर्शन की बदौलत ही संभव हो पाया है। डॉ ममता ने कहा कि इस शोध कार्य को तीन वर्षों की कठिन मेहनत के बाद डॉ.धर्मवीर यादव के निर्देशन में पूरा किया है। बेटी की इस शानदार उपलब्धि पर बुडाना गांव और आस-पास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



### नंगली गोधा में बादाम देवी की स्मृति में मेधावी छात्राओं को वितरित की एफडी

रेवाड़ी। गांव नंगली गोधा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित एक सम्मान समारोह में गांव ठोठवाल निवासी समाजसेवी धर्मवीर यादव ने अपनी माता स्वर्गीय बादाम देवी की पुण्य स्मृति में विद्यालय की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर कक्षा 12वीं एवं 10वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली एक-एक छात्रा को 5100 की फिक्स्ड डिपॉजिट की कॉपी भेंट की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या सुलेखा रानी ने की, जबकि गांव के सरपंच हेमंत यादव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में कक्षा 12वीं की छात्रा स्वास्ति पुत्री हंसराज तथा कक्षा 10वीं की छात्रा कामना पुत्री हरीश को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर धर्मवीर यादव ने कहा कि अपने माता-पिता एवं पूर्वजों की स्मृति को समाजसेवा के माध्यम से जीवंत रखना सबसे बड़ा सम्मान है।



### वृक्ष आगामी पीढ़ी के लिए करते है स्वस्थ और संतुलित पर्यावरण का निर्माण : सैनी

रेवाड़ी। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से राज इंटरनेशनल स्कूल की ओर से बालावास जमालपुर मंदिर परिसर में पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत विद्यालय के लगभग 40 विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लगभग 100 पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संतुलन तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को केवल पौधे लगाने ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल एवं संरक्षण का भी संकल्प दिलाया। विद्यालय प्रबंधक ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। वे न केवल वातावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ, सुरक्षित एवं संतुलित पर्यावरण का निर्माण भी करते हैं।




### टीम ने बूढ़पुर और लाखनौर में ग्रामीणों नशा के दुष्प्रभावों पर किया जागरूक

रेवाड़ी। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के निर्देशन में जिले में नशा मुक्त रेवाड़ी-सुरक्षित रेवाड़ी अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को नशा मुक्ति टीम ने गांव बूढ़पुर और लाखनौर में डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर अपराधों से बचाव तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान टीम ने ग्रामीणों को बताया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि युवाओं के भविष्य को भी अंधकारमय बना देता है। युवाओं से पढ़ाई, खेल और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने तथा नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहने का आह्वान किया गया। नशा मुक्ति टीम ने कहा कि नशा शरीर ही नहीं, बल्कि पूरे जीवन और समाज के लिए जहर है।

### हिमाचल की आईआईटी एडवांस में दाखिले पर छात्रा ज्योति सम्मानित



कोसली। रतनथल गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा ज्योति पुत्री कृपाल सिंह का सुपर हंड्रेड के माध्यम से आईआईटी एडवांस में दाखिला होने पर मंगलवार को विद्यालय में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल अशोक यादव, स्टाफ सदस्यों व गांव के गण मान्य व्यक्तियों ने छात्राओं को फूल माला और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। प्रिंसिपल ने बताया कि ज्योति के पिता की छोटी उम्र में मृत्यु हो गई थी। ज्योति की माता सविता इसी विद्यालय में मध्यान्ह भोजन में कर्मचारी है। ज्योति ने कक्षा दसवीं 98.4 प्रतिशत अंक से पास की थी। ज्योति ने मुख्यमंत्री की योजना सुपर हंड्रेड में बेहतरीन तैयारी से आईआईटी एडवांस में अच्छा रैंक प्राप्त कर आईआईटी मंडी हिमाचल में कंप्यूटर साइंस में दाखिला पाया है। प्राचार्य ने बताया कि ज्योति को मुख्यमंत्री द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम में इसके अतिरिक्त 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में नाहड़ ब्लाक की टापर छात्रा एकता चौहान को भी सम्मानित किया गया।

## एफएसएल की रिपोर्ट से ही खुलेगा ब्लास्ट का राज मकान में धमाका अभी तक अनसुलझी पहेली

- आईजीएल के अधिकारी कर चुके गैस रिसाव से इनकार, फोरेंसिक टीम को नहीं मिल सका ब्लास्ट का दूसरा कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीते रविवार की शाम हंस नगर के एक मकान में हुआ ब्लास्ट तीसरे दिन भी अनसुलझी पहेली बना हुआ है। इंद्रप्रस्थ गैस लि. के अधिकारी गैस रिसाव व उससे होने वाले ब्लास्ट की आशंकाओं को सिरे से खारिज कर रहे हैं, जबकि फोरेंसिक टीम को ब्लास्ट का कोई दूसरा कारण नहीं मिला है। घटनास्थल से



रेवाड़ी। ब्लास्ट के बाद टूटा मकान का गेट।

लिए गए नमूनों को एफएसएल भेजा गया है, जिनकी रिपोर्ट ही ब्लास्ट के रहस्य से पर्दा उठा सकेगी। हंस नगर निवासी सतबीर के घर में 5 जुलाई को शाम के समय अचानक धमाका हो गया था। धमाके बाद मकान का गेट तक टूट गया था। इस ब्लास्ट में सतबीर सहित पांच लोग घायल हो गए थे, जिनमें एक सतबीर की बेटी तन्नू बुरी तरह झुलस गई थी। वह अभी भी अस्पताल में उपचाराधीन है। पड़ोस के लोगों का दावा था कि मोहल्ले में कुछ दिनों से गैस की स्मैल आ रही थी। पास से ही पीएनजी की नई लाइन डाली जा रही है। आशंका जताई जा रही थी कि गैस की लाइन को चेक करते समय सप्लाई छोड़े जाने के बाद हादसा हो गया, लेकिन अधिकारियों ने इससे साफ इनकार किया है।

**रिपोर्ट के आने के बाद ही होगा खुलासा**



पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बार-बार बुलाकर जांच की है। अभी तक ब्लास्ट का कोई साफ कारण नजर नहीं आया है। एफएसएल के विशेषज्ञों ने सैंपल लैब भेजे हुए हैं, जिनकी रिपोर्ट के बाद ही वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।
-सुरेंद्र श्योराण, डीएसपी।

## स्थापना के लिए बनवाई श्रीकृष्ण की प्रतिमा जगह नहीं मिलने पर रखी सड़क किनारे, भावनाएं आहत

- श्रद्धालुओं ने ग्राम पंचायत से की प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापित कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खोरी

खोरी में एक दुकानदार ने अपनी दुकान के आगे स्थापित करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा बनवाई थी। वह दुकानों के आगे चबूतरा बनवाकर प्रतिमा स्थापित कराना चाहता था, लेकिन पोतों ने दुकान ही बेच डाली। नए मालिक ने चबूतरे को तुड़वाने के लिए प्रतिमा को हटाकर सड़क किनारे रखवा दिया, जो अब श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत कर रही है। जागरूक लोगों ने ग्राम पंचायत व जिला प्रमुख से प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराने की मांग की है। बस स्टैंड पर एक दुकानदार ने अपनी दुकानों के सामने चबूतरा बनाकर भगवान श्रीकृष्ण की खड़ी प्रतिमा स्थापित कराने का मन बनाया था। दुकानें उसने अपने पोतों के नाम कराई हुई थीं। दुकानदार ने श्रीकृष्ण की प्रतिमा का निर्माण कराने के बाद चबूतरा भी बनवा दिया, लेकिन बाद में उसके पोतों ने दुकानें किसी और को बेच दीं। ग्रामीणों के अनुसार नए दुकान मालिक ने प्रतिमा को उठाकर कहीं और रखवा दिया। अब यह प्रतिमा सर्विस रोड के पास नाले पर रखी हुई है। नाले पर रखी प्रतिमा लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंच रही है।



## आईजीयू नए शैक्षणिक सत्र में पीजी कोर्सों में प्रवेश 10 तक, नए अभ्यर्थी कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों में संचालित विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 जुलाई कर दी गई है।

पहले से पंजीकृत विद्यार्थी जिनके यूजी सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम आ गए हैं वह दाखिला पोर्टल से लॉगिन कर अपना रिजल्ट अपडेट कर दें एवं इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभागों के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों एल.एल.बी., एल.एल.एम, एमकॉम, एमए (हिंदी, इंग्लिश, संस्कृत, इतिहास, योगा, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, एमएससी (गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव प्राणी विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जैव एवं प्रौद्योगिकी विज्ञान, भूगोल, पर्यावरण विज्ञान, साइकोलॉजी), एम.फार्मा (फामार्कोग्नोसी), मास्टर ऑफ सोशल वर्क, एमसीए, मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी के कोर्सों में 10 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। विभिन्न विषयों में उपलब्ध सीटों के विवरण, पात्रता, शुल्क संरचना एवं दिशा-निर्देशों के संबंध में विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।




हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260



**बैठक** उपायुक्त अभिषेक मीणा ने सभी बीएलओ को बैठक करने के दिए निर्देश

**739338 मतदाताओं में से कुल 560811 ने अपलोड किए फार्म**

## बीएलओ गणना प्रपत्र भरकर नहीं देने वालों की देंगे जानकारी: डीसी

- बावल क्षेत्र के कुल 230037 मतदाताओं में से 171906 के फार्म किए जा चुके है डिजिटलाइज्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रेवाड़ी अभिषेक मीणा ने जिला के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों बावल, कोसली तथा रेवाड़ी के सभी 792 मतदान केन्द्रों पर नियुक्त सभी बीएलओ को निर्देश दिए है कि वे अपने-अपने मतदान केंद्र पर बीएलओ व बीएलए-2 व मतदान केन्द्र के मौजिज मतदाताओं के साथ इस सप्ताह में बैठक का आयोजन करें। जिसमें एसआईआर के दौरान अब तक हुए कार्य की प्रगति रिपोर्ट बताएंगे तथा अनुपस्थित, स्थानान्तरित, मृतक, डबल वोट वाले मतदाताओं की सूची भी पढकर सुनाएंगे तथा उस पर चर्चा करेंगे और कही कोई मतदाता गलती से एएसडीडी की सूची में मार्क तो नहीं हुए है। यदि ऐसा है तो उसकी जानकारी दे ताकि उसे समय रहते ठीक किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिन मतदाताओं द्वारा अपना गणना प्रपत्र भरकर नहीं दिया है या भरने से इन्कार कर दिया है उनके बारे में भी जानकारी देंगे तथा बीएलए-2 व मौजिज व्यक्ति ऐसे मतदाताओं को अपने गणना प्रपत्र भरकर व उस पर एक वर्तमान में खिचवाया हुआ रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो लगाकर तुरन्त अपने बीएलओ के पास जमा करवाये। क्योंकि ऐसा नहीं करने पर उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिये जायेगे और ऐसे मतदाताओं को बाद में परेशानी का सामना करना पडेगा। डीसी ने बताया कि इस सम्बन्ध में जिला के सभी निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों द्वारा अपने अपने निर्वाचन क्षेत्र में नियुक्त बीएलए-1 की बैठक की जा चुकी है, जिसमें उन्हें अपने अपने दल के बीएलए-2 को निर्देश देने के लिए कहा गया है कि उनके क्षेत्र के बीएलओ का बैठक के आयोजन बारे अवगत करवाए तदानुसार बैठक में उपस्थित होकर एस.आर.आर. की प्रगति रिपोर्ट देखे व ए.एस.डी.डी. की लिस्ट भी देखे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला में स्थित सभी राजनीतिक दलों से भी अनुरोध किया कि वे अपने अपने दल के नियुक्त बीएलए-1 के माध्यम से बीएलए-2 को निर्देश देवे कि इस सप्ताह बीएलओ के साथ होने वाली बैठक में उपस्थित होकर एस.आई.आर. की प्रगति रिपोर्ट देखे व ए.एस.डी.डी. की लिस्ट भी देखे। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं ने अभी तक गणना प्रपत्र जमा नहीं करवाया है उन्हें एसआईआर की महत्तवता के बारे समझाते हुए अनुरोध करे कि वे अपने गणना प्रपत्र तुरन्त बीएलओ के पास जमा करवाये।

### सभी मतदाता अपना एसआईआर फार्म बीएलओ को अवश्य जमा करवाएं



डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 का कार्य किया जा रहा है तथा आयोग की हिदायत अनुसार जिला में बीएलओ द्वारा प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र प्रदान किए जा चुके हैं, जिसमें मतदाता अपना विवरण भर कर बीएलओ को वापस जमा करवाएंगे। मीणा ने बताया कि जिला रेवाड़ी में कुल 739338 मतदाताओं में से कुल 560811 मतदाताओं के फार्म डिजिटाइज्ड/अपलोड किए जा चुके हैं। तथा 45115 मतदाताओं के फार्म एनक्लैक्टेबल मार्क किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बावल के कुल 230037 मतदाताओं में से 171906 मतदाताओं के फार्म डिजिटलाइज्ड, कोसली के कुल 248951 मतदाताओं में से 215891 तथा के कुल 260350 मतदाताओं में से 173014 मतदाताओं के गणना प्रपत्र डिजिटलाइज्ड किए जा चुके है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि 21 जुलाई को प्रकाशित होने वाली प्रारंभिक मतदाता सूची-2026 में केवल उन्हीं मतदाताओं के नाम शामिल किए जाएंगे जो हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र वापिस बीएलओ को प्राप्त होंगे। यदि किसी मतदाता का गणना प्रपत्र वापिस बीएलओ को प्राप्त नहीं होता है तो उसका नाम प्रारंभिक मतदाता सूची-2026 में शामिल नहीं होगा।

## आप नेता गुप्ता आज लेंगे पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक

रेवाड़ी। आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता 8 जुलाई को शाम 5 बजे विजय नगर स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकतार्ओं की बैठक लेंगे। बैठक का उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत बनाना तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर कार्यकतार्ओं का मार्गदर्शन करना है। जिला अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल ने बताया कि बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर पर पार्टी को सशक्त बनाने और जनसंपर्क अभियान को गति देने पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा प्रदेशाध्यक्ष कार्यकतार्ओं को राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता के बीच जाकर उनकी आवाज बुलंद करने और जनहित के मुद्दों पर मजबूती से संघर्ष करने का संदेश देंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में जिले के सभी पदाधिकारियों, कार्यकतार्ओं एवं पार्टी के सक्रिय सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। बैठक को लेकर कार्यकतार्ओं में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में उनके शामिल होने की संभावना है।

